मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—

दिनांक: 06.01.2025

थाना अदलहाट पुलिस टीम द्वारा अनुमानित कीमत ₹ 55 लाख के अवैध गांजा व तस्करी में प्रयुक्त वाहन (टाटा मैजिक) के साथ 02 अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार —

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'अभिनन्दन' द्वारा महाकुभं प्रयागराज 2025 सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ , अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की निर्माण/तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर की जा रही कार्यवाही में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में थाना अदलहाट पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिनांकः 05.01.2025 को मुखबीर के सूचना के आधार थाना अदलहाट पुलिस टीम द्वारा सघन वाहन चेकिंग कर टाटा मैजिक में सवार 02 व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गये अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में अपना नाम-पता 1.सोनू कुमार यादव पुत्र धर्मपाल यादव निवासी शान्तिनगर मौलाबाद थाना टाउन जनपद भोजपुर बिहार व 2. मनीष प्रजापति पुत्र श्यामराज प्रजापति निवासी निरीया पोस्ट धरवार थाना करछना जनपद प्रयागराज बताया गया है। पुलिस टीम द्वारा टाटा मैजिक की तलाशी ली गयी तो मैजिक में छिपाकर रखा हुआ कुल 115 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अदलहाट पर मु0अ0सं0-04/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है तथा गांजा तस्करी में प्रयुक्त टाटा मैजिक वाहन संख्याः JH 05 CQ 6566 को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

विवरण पूछताछ —

पकड़े गये अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे उड़ीसा से टाटा मैजिक में पीछे कैबिन बनाकर उसी में छिपाकर गांजा लादकर औरंगाबाद बिहार ले जा रहे थे। जहां से मांग के अनुसार सप्लाई करते हैं। जिससे प्राप्त पैसे को आपस में बांटकर भौतिक सुख-सुविधाओं का लाभ लेते है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1. सोनू कुमार यादव पुत्र धर्मपाल यादव निवासी शान्तिनगर मौलाबाद थाना टाउन जनपद भोजपुर बिहार, उम्र करीब 19 वर्ष।
2. मनीष प्रजापति पुत्र श्यामराज प्रजापति निवासी निरीया पोस्ट धरवार थाना करछना जनपद प्रयागराज, उम्र करीब-19 वर्ष।

बरामदगी विवरण —

- 115 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा (अनुमानित कीमत ₹ 55 लाख)
- गांजा परिवहन में प्रयुक्त टाटा मैजिक वाहन संख्याः JH 05 CQ 6566

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0स0-04/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय —

थाना अदलहाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम कौडियाकला आरके रोड़ लाइन्स के पास से, दिनांकः 05.01.2025 को समय 16.35 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

अपराध निरीक्षक रामप्रीत यादव थाना अदलहाट मय पुलिस टीम जनपद मीरजापुर।